# शारीरिक शिक्षा विभाग (Department of B.P.Ed.)

देवभूमि उत्तराखण्ड़ के पौड़ी-गढ़वाल जनपद के सुदूर ग्रामीण अंचल पैठाणी में स्थित राठ महाविद्यालय उच्च शिक्षा का केन्द्र बिन्दु है। कला संकाय एवं शिक्षा संकाय के उपरांत 2012 में यहां शारीरिक शिक्षा संकाय की स्थापना हुई। शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम (B.P.Ed.) में 50 सीटें  हैं, जिसे NCTE द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है। पाठ्यक्रम के कुशल संचालन हेतु खेल-मैदान, योगा हॉल, जिम्नेजियम के अतिरिक्त विभिन्न प्रयोगशालाएं हैं, जो शैक्षिक निष्पादन एवं गुणवत्ता को बढ़ाने का कार्य करती हैं। शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम (B.P.Ed.) में प्रवेश, वर्तमान में स्नातक के प्राप्तांक एवं खेल उपलब्धि हेतु निर्धारित भारांक के योग से निर्मित वरीयता सूची के आधार पर प्रदान किया जाता है। प्रवेश के उपरांत विश्वविद्यालय के मानक के अनुरूप कक्षाओं में प्रशिक्षुओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन किया जाता है।

शैक्षिक गुणवत्ता की वृद्धि हेतु प्रत्येक सत्र में महाविद्यालय प्रांगण से दूर, हिमालय की गोद में, रमणीय एवं रोचक प्राकृतिक परिवेश में नेतृत्व शिविर(Leadership Camp) का आयोजन किया जाता है, जहां विभिन्न क्रीड़ाओं एवं क्रियाकलापों के माध्यम से प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं में नेतृत्व के गुणों के विकास का प्रयास किया जाता है। संकाय में शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य के कुशल संचालन हेतु निर्धारित मानक के अनुरूप प्राध्यापक नियुक्त हैं। कक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार प्रातःकाल, अपराह्न एवं सायंकाल में विभक्त किया गया है। प्रातःकाल एवं सायंकाल की कक्षाओं में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण एवं अपराह्न में सैद्धान्तिक शिक्षण कार्य की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक शनिवार को प्रातःकाल प्रकृति को समझने एवं प्रशिक्षुओं की शारीरिक क्षमता में वृद्धि हेतु लम्बी दूरी की दौड़ का आयोजन किया जाता है। शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षुओं के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु समय-समय पर योग शिविर, विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है, जो विद्वान प्राध्यापकों की उपस्थिति में, प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के लिए एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं द्वारा ही संचालित किया जाता है। कक्षाओं के कुशल संचालन एवं छात्र नेतृत्व हेतु, सुपर लीडर, लीडर, एवं सदन कप्तान नियुक्त किये जाते हैं। एक प्रतियोगिता के कुशल आयोजन एवं संचालन क्षमता के विकास हेतु चार सदनों का निर्माण कर प्रत्येक सदन द्वारा एक-एक प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। ये प्रतियोगिताएं पूर्ण साज-सज्जा के साथ सभी मानकों का अनुपालन करते हुए संचालित की जाती हैं। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि हेतु सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर छात्रों को प्राध्यापकों द्वारा प्रदत्त विषय पर कक्षायें दी जाती हैं एवं उनका मूल्यांकन किया जाता है। समय-समय पर उपलब्धता के आधार पर ऑनलाईन तथा ऑफलाईन माध्यमों से विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है, जो प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर उनके मनोबल को बढ़ाने का कार्य करते हैं। महाविद्यालय द्वारा कैरियर काउंसिलिंग के माध्यम शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम (B.P.Ed.) पाठ्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात् किस-किस क्षेत्र में कैरियर बनाया जा सकता है, इस पर संगोष्ठियों का आयोजन कराया जाता है। इन संगोष्ठियों के माध्यम से प्रशिक्षुओं को भविष्य में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान से अवगत कराने का कार्य किया जाता है।

## B.P.Ed. Course

| Teacher Training Course | Duration & Semester | Intake | Total Seats |
|---|---|---|---|
| B.P.Ed.(Aided) | 2 year (4 semesters) | 01 | 50 |

## Non Teaching Staff

| Sl. No. | Name | Designation | Nature of Appointment |
|---|---|---|---|
| 1. | Mr. Sandeep Singh | Junior Clerk | Regular |

## Teaching Staff

| Sl. No. | Name | Designation | Nature of Appointment |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Gopesh Kumar Singh | HoD (Asstt. Prof.) | Regular |
| 2. | Mr. Ram Singh Negi | Asstt. Professor | Regular |
| 3. | Mr. Raj Kumar Pal | Asstt. Professor | Regular |
| 4. | Dr. Manjeet Singh Bhandari | Asstt. Professor | Regular |